reached last year's July level with 90 per cent of our exports of July

due to fall in top export items such as petroleum, textiles, en-

proposition but preferred proposition," he said.

**ISGEC HEAVY ENGINEERING LIMITED**
CIN: L23423HR1933PLC000097
Regd. Off: Radaur Road, Yamunanagar-135001, Haryana
Ph.: 01732–661061, E-mail Id: roynr@isgec.com,
Website: www.isgec.com

**NOTICE**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held through video conferencing facility on **Wednesday, August 12, 2020,** *inter alia,* to consider and approve the unaudited standalone and consolidated financial results of the Company, for the quarter ended June 30, 2020.

The information contained in this notice is also available on the Company's website, http://www.isgec.com/aboutus-financials-Notices.php and also on the website of the stock exchange, www.bseindia.com.

For **Isgec Heavy Engineering Limited**
Sd/-
**(S.K. Khorana)**
Executive Director & Company Secretary
Place : Yamuna Nagar
Date : 04.08.2020

**ASM Technologies Limited**
(CIN L85110KA1992PLC013421)
Regd Office: 80/2 Lusanne Court
Richmond Road, Bangalore- 560025
Tel:080-66962300-02, Fax-08066962304,
Email:info@asmltd.com,
Website: www.asmltd.com

**NOTICE**

**Notice is hereby given pursuant to Sec. 91 of the Companies Act 2013 that the Board of Directors of the company, at its meeting held on 4th of August, 2020, has fixed Monday, 17th of August, 2020 as the Record Date for the purpose of determining the members entitled to receive Interim Dividend of Rs.2.00/- per share, declared for the year 2020-2021.**

**By Order of the Board**
**For ASM Technologies Limited**
**Sd/-**
**Vanishree Kulkarni**
**Company Secretary**
**Place: Bangalore**
**Date: 4th August, 2020**

# APPOINTMENT

इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन
(भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय वित्तीय संस्थाओं व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संस्था)

**INSTITUTE OF BANKING PERSONNEL SELECTION**
*(An autonomous body set up by Reserve Bank of India, Central Financial Institutions and Public Sector Banks)*

IBPS
असेसमेंट में, हम पर भरोसा रखता है भारत — In assessment, India trusts us

**Authorised Website: www.ibps.in**
**In case of queries / complaints please log in to http://cgrs.ibps.in/**

## COMMON RECRUITMENT PROCESS FOR RECRUITMENT OF PROBATIONARY OFFICERS/ MANAGEMENT TRAINEES IN PARTICIPATING ORGANISATIONS (CRP PO/MT-X for Vacancies of 2021-22)

**The online examination (Preliminary and Main) for the next Common Recruitment Process for selection of personnel for Probationary Officer/ Management Trainee posts in the Participating Organisations is tentatively scheduled in October / November 2020.**

**The tentative schedule of events is as follows:**

| Activity | Tentative Dates |
|---|---|
| On-line registration including Edit/Modification of Application by candidates | 05.08.2020 to 26.08.2020 |
| Payment of Application Fees/Intimation Charges (Online) | 05.08.2020 to 26.08.2020 |
| Download of call letters for Pre- Exam Training* | September 2020 |
| Conduct of Pre-Exam Training * | 21.09.2020 to 26.09.2020 |
| Download of call letters for Online examination – Preliminary | October 2020 |
| **Online Examination – Preliminary** | **03.10.2020, 10.10.2020 and 11.10.2020** |
| Result of Online exam – Preliminary | October/ November 2020 |
| Download of Call letter for Online exam – Main | November 2020 |
| **Online Examination – Main** | **28.11.2020** |
| Declaration of Result – Main | December 2020 |
| Download of call letters for interview | January 2021 |
| Conduct of interview | January / February 2021 |
| Provisional Allotment | April 2021 |

*In case it is possible and safe to hold PET

**Candidates are advised to regularly keep in touch with the authorised IBPS website www.ibps.in for details and updates.**
**Before registering online candidates are advised to read the detailed notification and follow the instructions mentioned therein.**

**Mumbai**
**Date: 05.08.2020**
**Director**

| No. | |
|---|---|
| 1 | Total income from c |
| 2 | Net Profit/(Loss) fo |
| 3 | Net Profit/(Loss) fo |
| 4 | Net Profit/(Loss) fo |
| 5 | Total Comprehensi Comprehensive Inc |
| 6 | Paid-up Equity Sha |
| 7 | Earnings per share Basic (₹) Diluted (₹) |
| 8 | Earnings per share Basic (₹) Diluted (₹) |

**Key numbers of Unaud**

| |
|---|
| Turnover |
| Profit before tax |
| Profit after Tax |


**Note:**
1. The above is an ext and Other Disclosur websites viz. www.bs

**Place : Mumbai**
**Date: August 04, 2020**



Godrej One, 4th F

# चीनी मोबाइल कंपनी वीवो नहीं होगी आईपीएल की स्पॉन्सर, विरोध के बाद बदला फैसला




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चीनी मोबाइल कंपनी वीवो आईपीएल के अगले एडिशन में लीग स्पॉन्सर नहीं होगी। देश में भारी विरोध के बाद वीवो कंपनी की तरफ से यह फैसला मंगलवार को लिया गया। जल्द ही नए टाइटल स्पॉन्सर की घोषणा की जाएगी। चीन से चल रहे तनाव के बीच चीनी कंपनी की स्पॉन्सरशिप पर खुलेआम तथा सोशल मीडिया पर भी लोगों ने विरोध जताया था। जानकारी के मुताबिक, कंपनी अगले साल यानी 2021 में स्पॉन्सर रहेगी जो डील 2023 तक चलेगी। इस साल के लिए नए स्पॉन्सर का ऐलान जल्द किया जाएगा।

### 2199 करोड़ रुपये में हासिल किए थे अधिकार

वीवो इंडिया ने 2017 में आईपीएल टाइटल प्रायोजन अधिकार 2199 करोड़ रुपये में हासिल किए थे। इससे लीग को हर सीजन में उसे करीब 440 करोड़ रुपये का भुगतान करना था। इस चीनी मोबाइल कंपनी ने सॉफ्ट ड्रिंक वाली दिग्गज कंपनी पेप्सिको को हटाया था, जिसकी 2016 में 396 करोड़ रुपये की डील थी।

### 19 सितंबर से शुरू होना है आईपीएल

आईपीएल का 13वां एडिशन यूएई में अगले महीने 19 सितंबर से शुरू होगा। इसका फाइनल मैच 10 नवंबर को खेला जाएगा। पहले यह लीग मार्च में भारत में ही खेली जानी थी, लेकिन घातक कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए इसे तब स्थगित कर दिया गया था।

### इतनी जल्दी नया स्पॉन्सर मुश्किल'

आईपीएल की संचालन परिषद ने रविवार को सभी प्रायोजकों को बरकरार रखने का फैसला किया था। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने 'वर्चुअल' बैठक में फैसला किया कि टूर्नामेंट 19 सितंबर से 10 नवंबर तक खेला जाएगा। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा था, 'मौजूदा वित्तीय कठिन परिस्थितियों को देखते हुए इतने कम समय में बोर्ड के लिए नया प्रायोजक ढूंढना मुश्किल होगा।'




### बीसीसीआई के रेवेन्यू पूल में नहीं होगा कोई बदलाव

लगभग 51 दिनों में आईपीएल के सभी 60 मैच खेले जाएंगे। बीसीसीआई के सेंट्रल रेवेन्यू पूल में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी बीसीसीआई अपने राजस्व में उतना ही पैसा लेगा, जितना वह पहले लेता रहा है।

### ट्रैवल-होटल फ्रैंचाइजियों के जिम्मे

फ्रैंचाइजियों को यूएई में अपनी यात्राओं का प्रबंध यूएई अथॉरिटीज की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए खुद ही करना होगा। बीसीसीआई यूएई अथॉरिटीज के साथ होटलों से डिस्काउंट रेट को लेकर बात करेगा और फ्रैंचाइजियों को इसकी जानकारी दे देगा। इसके बाद यह फ्रैंचाइजियों की जिम्मेदारी होगी कि बीसीसीआई द्वारा सुझाए गए होटलों में से किस के साथ डील करते हैं या फिर वे अपना अलग प्रबंध करते हैं।

### टीमों को बायो सिक्योर बबल में रहना होगा

खिलाड़ियों और टीम स्टाफ की सुरक्षा को ध्यान में रखकर एक सख्त प्रोटोकॉल बनाया जाएगा। प्रत्येक टीम अपना एक बबल (बुलबुला) तैयार करेगी, जिसमें खिलाड़ी अपने इको सिस्टम का ख्याल सीमित लोगों से ही बात कर सकेंगे। इन्हें बीसीसीआई से स्वीकृति मिलेगी। ऐसा ही बबल बीसीसीआई और आईएमजी स्टाफ, ब्रॉडकास्टर्स आदि के लिए बनाया जाएगा। किसी को भी इस बबल से बाहर किसी भी अन्य व्यक्ति (पूर्व निर्धारित कोऑर्डिनेशन को छोड़कर) से बात करने की इजाजत नहीं होगी।

### टीमों को ही रखनी होंगी मेडिकल टीमें

फ्रैंचाइजियों को अपनी खुद की मेडिकल टीम का प्रबंध भी करना होगा। बीसीसीआई सिर्फ सेंट्रल मेडिकल टीम का प्रबंध करेगी। एक बार जब खिलाड़ी यूएई में लैंड कर जाएंगे, तो खिलाड़ियों की टेस्टिंग की जिम्मेदारी भी फ्रैंचाइजियों की ही होगी, जो बीसीसीआई की मेडिकल टीम के साथ 24X7 आधार पर जुड़े रहेंगे। हर फ्रैंचाइजी की मेडिकल टीम भी अपनी-अपनी टीमों के साथ सिक्यॉरिटी बबल में ही रहेंगी।

### प्लेयर्स रिप्लेसमेंट एंड लोन

खिलाड़ियों की नीति में भी किसी तरह का कोई बदलाव नहीं है और फ्रैंचाइजियां अपने अतिरिक्त खिलाड़ियों को एक साथ यूएई ले जा सकती हैं। इससे अचानक जरूरत पड़ने पर तुरंत ट्रैवल की समस्या नहीं होगी।

### सिर्फ एसओपी में होगा बदलाव : बृजेश पटेल

आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन बृजेश पटेल ने मीटिंग की तारीखों का ऐलान करते हुए बताया, 'आईपीएल की शुरुआत से ही, ठहरने, हॉस्पटेलिटी, यात्राएं आदि की जिम्मेदारी टीम मालिकों की ही रही है। तो इस बार ऐसा कुछ नहीं बदलने जा रहा है। जो भी बदलाव होंगे वे एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर) में बदलाव होंगे, जो कि कोविड के चलते जरूरी हैं।

### खांसने पर फुटबॉल खिलाड़ी को दिखाया जा सकता है लाल कार्ड

ज्यूरिख। फुटबॉल खिलाड़ी अगर किसी अन्य खिलाड़ी या मैच अधिकारी करीब जाकर जानबूझकर खांसता है जो उसे लाल कार्ड दिखाया जा सकता है। फुटबॉल के नियम बनाने वाले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संघ बोर्ड ने कोरोना वायरस महामारी के बाद अपने दिशानिर्देशों को अपडेट करते हुए यह जानकारी दी। रैफरी हालांकि तभी खिलाड़ी को लाल कार्ड दिखा सकता है जब वह सुनिश्चित हो कि जानबूझकर खांसा गया है।

### आस्ट्रेलिया- वेस्टइंडीज टी-20 श्रृंखला स्थगित

ज्यूरिख। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ अक्टूबर में होने वाली तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला को स्थगित कर दिया है। टी20 मैचों का आयोजन टाउन्सविल, केर्न्स और गोल्ड कोस्ट में क्रमशः चार, छह और नौ अक्टूबर को होना था। यह श्रृंखला टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए आयोजित हो रही थी लेकिन इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को पिछले महीने वैश्विक स्वास्थ्य संकट के कारण स्थगित कर दिया गया जिसके बाद दोनों देश के बोर्ड ने टी20 श्रृंखला को भी स्थगित करने का फैसला किया। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने ट्वीट किया कि वेस्टइंडीज क्रिकेट के साथ मिलकर हम टी20 श्रृंखला को स्थगित करने पर सहमत हो गए हैं। अब इसका आयोजन आस्ट्रेलिया में 2021 या 2022 में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले ही किया जाएगा। दोनों देशों के शीर्ष खिलाड़ी अब आईपीएल में हिस्सा लेंगे।

### स्टार्क को आईपीएल में नहीं खेल पाने का मलाल नहीं

मेलबर्न। बायें हाथ के आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को इस साल आईपीएल का हिस्सा नहीं बनने का मलाल नहीं है और उन्होंने कहा कि वह आगामी गर्मियों के सत्र की तैयारी करके सहज हैं। स्टार्क आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप पर ध्यान लगाने के लिए आईपीएल से हट गए थे लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को स्थगित कर दिया गया।

## आईपीएल में हर 5वें दिन होगी कोविड-19 जांच

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों को यूएई में अभ्यास शुरू करने से पहले कोविड-19 की जांच में पांच बार निगेटिव आना होगा और टूर्नामेंट शुरू होने के बाद उन्हें हर पांचवें दिन कोरोना वायरस जांच करानी होगी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि सभी भारतीय खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को भारत में

### तीनों बार निगेटिव आने के बाद वह जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में प्रवेश

अपनी संबंधित टीमों से जुड़ने के एक सप्ताह पहले 24 घंटे के अंतराल में दो बार कोविड-19 आरटी-पीसीआर परीक्षण कराना होगा। इसके बाद खिलाड़ी (भारत में ही) 14 दिन तक पृथकवास पर रहेंगे। जांच में किसी व्यक्ति का नतीजा अगर पॉजिटिव आता है तो वह 14 दिनों तक पृथकवास में रहेगा। अधिकारी ने बताया कि यूएई पहुंचने के बाद खिलाड़ियों और सहायक कर्मचारियों को एक सप्ताह तक पृथकवास में रहने के दौरान तीन बार कोविड-19 जांच करानी होगी। तीनों बार निगेटिव आने के बाद वह जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में प्रवेश कर के अभ्यास शुरु कर सकते हैं। उन्होंने कहा, '' इस मामले में टीमों से प्रतिक्रिया मिलने के आधार पर इस प्रोटोकॉल में मामूली बदलाव किए जा सकते हैं लेकिन खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### वित्त मंत्रालय ने जारी रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला

# बुरा दौर बीता, कृषि क्षेत्र अर्थव्यवस्था को उबारने में मदद करेगा : रिपोर्ट

**सरकार और केंद्रीय बैंक की नीतियों से समर्थन मिला**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बुरा दौर अब संभवतः बीत चुका है। वित्त मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बेहतर मानसून की संभावना को देखते हुए कृषि क्षेत्र कोरोना वायरस से प्रभावित अर्थव्यवस्था को उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आर्थिक मामलों के विभाग की ओर से जारी जुलाई की वृहद आर्थिक रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल के संकट के बाद भारत अब पुनरोद्धार की राह पर है। इसमें सरकार और केंद्रीय बैंक की नीतियों से समर्थन मिला है।

### राज्यों में बारी-बारी से लग रहे लॉकडाउन से जोखिम कायम

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत अनलॉक के चरण में हैं। इससे पता चलता है कि अर्थव्यवस्था का बुरा समय बीत गया है। हालांकि, कोविड-19 के बढ़ते मामलों और विभिन्न राज्यों में बारी-बारी से लग रहे लॉकडाउन से जोखिम कायम है।

**खास बातें**

- बेहतर मानसून की संभावना से कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका
- अप्रैल के संकट के बाद भारत अब पुनरोद्धार की राह पर

### समय पर छूट दी गई

*रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि क्षेत्र को कोविड-19 की वजह से लागू लॉकडाउन से जल्दी और सही समय पर छूट दी गई, जिससे रबी फसलों की कटाई समय पर हो सकी। साथ ही खरीफ फसलों की बुवाई भी की जा सकी।*

### गेहूं की रिकॉर्ड खरीद

*रिपोर्ट कहती है कि गेहूं की रिकॉर्ड खरीद से किसानों के हाथों में 75,000 करोड़ रुपये गए हैं, जिससे ग्रामीण इलाकों में निजी उपभोग बढ़ाने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर, 2019 से व्यापार का रुख कृषि क्षेत्र की ओर हुआ है जिससे ग्रामीण मांग बढ़ाने में मदद मिली है। इससे मार्च से जून, 2020 से ग्रामीण क्षेत्रों की मुख्य मुद्रास्फीति बढ़ी है।*

### कृषि क्षेत्र नियंत्रण मुक्त हुआ

*रिपोर्ट में हालिया कृषि क्षेत्र के सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि इससे कृषि क्षेत्र नियंत्रण मुक्त हुआ है। साथ ही इनसे किसान सशक्त हुए हैं और वे भारत के विकास की कहानी का एक बड़ा और अधिक स्थिर भागीदार बन सके हैं।*

### कुछ राज्यों में कोरोना के मामले बढ़े

*रिपोर्ट कहती है कि कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी तथा इसकी वजह से राज्यों द्वारा कुछ-कुछ दिनों लिए लगाए जा रहे लॉकडाउन से सुधार की संभावनाएं कमजोर पड़ रही हैं। ऐसे में इसकी निरंतर निगरानी करने की जरूरत है।*

### रिपोर्ट में कृषि क्षेत्र पर भरोसा जताया गया

हालांकि, रिपोर्ट में कृषि क्षेत्र को लेकर भरोसा जताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था को कोविड-19 के झटकों से उबरने में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

### आईआईपी और पीआईआई में मामूली वृद्धि

अर्थव्यवस्था में सुधार के कुछ संकेतों का उल्लेख करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) की गतिविधियों तथा आठ बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में गिरावट अप्रैल की तुलना में मई में कम हुई है। इसी तरह जून में भारत का विनिर्माण पीएमआई 47.2 पर पहुंच गया।

## 200 अरब डॉलर की कंपनी बनने के करीब है आरआईएल

मुंबई। पिछले कुछ दिनों तक गिरावट के साथ कारोबार कर रहे रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में मंगलवार को एक बार फिर तेजी दिखी। आरआईएल का शेयर 7 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ कर 2,151 पर बीएसई पर बंद हुआ। विश्लेषकों का मानना है कि महंगा होने के बावजूद यह शेयर आगे और बढ़ेगा। इससे इसका मार्केट वैल्यूएशन 200 अरब डॉलर को पार सकता है। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 148 लाख करोड़ से ऊपर चला गया। उधर रिलायंस का मार्केट कैपिटलाइजेशन भी 13.63 लाख करोड़ हो गया। इसके राइट्स इश्यू के शेयरों के मार्केट कैपिटलाइजेशन को जोड़ दें तो इसका कुल वैल्यूएशन 182 अरब डॉलर हो जाता है। ऐसे में इसे 200 अरब डॉलर के लिए 20 अरब डॉलर की और जरूरत होगी। बीएसई के मार्केट कैपिटलाइजेशन में रिलायंस इंडस्ट्रीज का हिस्सा 9 प्रतिशत के करीब है। आरआईएल के एंटाइटलमेंट शेयरों यानी राइट्स इश्यू के शेयरों की बात करें तो इसका भी मार्केट कैपिटलाइजेशन (एमकैप) 50 हजार करोड़ से ऊपर है। इस तरह दोनों कंपनियों का एम कैप 14 लाख करोड़ से ज्यादा है।

### मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को उबारने तथा उद्योग जगत की ऋण पुनर्गठन की बढ़ती मांग के बीच द्वैमासिक मौद्रिक नीति पर मंगलवार को तीन दिवसीय चर्चा शुरू कर दी। रिजर्व बैंक के गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय समिति 6 अगस्त को बैठक के नतीजों की घोषणा करने वाली है। नीतिगत रेपो दरों में एक और कटौती की उम्मीद है। यह एमपीसी की 24वीं बैठक है। रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था पर कोरोना वायरस महामारी तथा इसकी रोकथाम के लिये लागू लॉकडाउन के असर को सीमित करने के लिये पिछले कुछ समय से लगातार सक्रियता से कदम उठा रहा है।

**आईएसजीईसी हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड**
CIN : L23423HR1933PLC000097
पंजी. कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर-135001, हरियाणा
Ph.: 01732-661061, E-mail Id: roynr@isgec.com, Website: www.isgec.com

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के अनुसरण में एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों की अलावा 30 जून 2020 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित स्टैंडअलोन तथा समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार करने तथा अनुमोदन करने हेतु कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बुधवार, 12 अगस्त 2020 को वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा के माध्यम से आयोजित की जानी निर्धारित है।

इस सूचना में निहित जानकारी कम्पनी की वेबसाइट http://www.isgec.com/aboutus-financials-Notices.php और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते आईएसजीईसी हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड
हस्ता/-
(एस.के. खोराना)
कार्यकारी निदेशक एवं कम्पनी सचिव
स्थान : यमुनानगर
दिनांक : 04.08.2020

**कार्यालय नगर परिषद, बहादुरगढ़**

**सार्वजनिक सूचना**

**(भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 188 के साथ पठित हरियाणा म्यूनिसिपल एक्ट, 1973 की धारा 135 और 158 के तहत)**

नगर क्षेत्र में, अधिकतर अनाधिकृत कॉलोनियों में निवासी डेयरियां चला रहे हैं और मवेशी पाल रहे हैं। वे खुले स्थानों / सड़कों पर अथवा सीवर-लाइनों / ड्रेनों में फैंककर मवेशी के गोबर का निपटान करते हैं। गोबर सीवर-लाइनों की स्वयं-सफाई करने की क्षमता को कम कर देता है और सीवरेज प्रणाली को रोक देता है। नतीजतन न केवल गलियों पर सीवेज, पानी बाहर निकलता है बल्कि दुर्गंध भी छोड़ता है। परिणामस्वरूप, इससे बीमारियां फैलती हैं और आमजन के लिये समस्या उत्पन्न होती है। मवेशी का गोबर सीवर लाइनों में मिथेन गैस भी पैदा करता है जो सीवर लाइनों का रखरखाव करने वाले कामगारों के लिये जीवन का वास्तविक खतरा पैदा करता है।

अतः इस प्रकार की दुर्घटना की संभावना को रोकने के लिये, शहरी स्थानीय निकाय विभाग नगरीय क्षेत्रों में मवेशी के गोबर का वैज्ञानिक तरीके से निपटान करने के लिये मवेशी गोबर प्रबंधन नीति बना चुका है। इस नीति के प्रावधानों के अनुरूप, यह एक बार फिर दोहराया जाता है कि मवेशी के गोबर का वैज्ञानिक तरीके से निपटान इसे पैदा करने वाले की प्राथमिक जिम्मेदारी है और उन्हें सार्वजनिक सूचना के निर्गमन से 30 दिन की अवधि के अंदर सम्बद्ध म्यूनिसिपेलिटी के पास स्वयं को पंजीकृत करवाना होगा। इस प्रयोजन के लिये पंजीकरण प्रपत्र सम्बन्धित म्यूनिसिपेलिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। नगर निकाय इसके स्वयं के स्तर पर कॉमन सुविधा की नामांकित अवस्थिति पर मवेशी गोबर के संग्रहण, परिवहन और वैज्ञानिक तरीके से निपटान के लिये व्यवस्था करेंगे और ''प्रदूषणकर्ता भुगतान करता है सिद्धांत'' के आधार पर गणना के अनुरूप उत्पादक से शुल्क निर्धारित करेंगे।

निम्नलिखित उल्लंघनों / चूक के मामले में भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 188 के तहत हरियाणा म्यूनिसिपल एक्ट, 1973 की धारा 135 और 158 के प्रावधानों के अनुरूप मवेशी मालिकों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी :-

(डी) इस सार्वजनिक सूचना से 30 दिन के अंदर सम्बद्ध नगर निकाय के पास मवेशी गोबर उत्पादकों द्वारा पंजीकरण नहीं करवाना।
(ई) मवेशी गोबर का निपटान इसको खुले स्थानों में / रोड साइड पर अथवा स्टॉर्म वाटर ड्रेन्स / सीवर लाइंस इत्यादि में फैंककर करना।
(एफ) परिसरों / सम्पत्तियों के उपयोग के आधार के अनुसार नगरीय शुल्क का भुगतान नहीं करना।

इन उपरोक्त अपकृत्यों के मामले में, अधिनियम के तहत दिये गये दण्ड के प्रावधानों के साथ-साथ, मवेशी को जब्त कर लिया जाएगा और पंजीकृत गौशाला के सुपुर्द कर दिया जाएगा तथा ऐसे मवेशी मालिकों के विरूद्ध आपराधिक कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। श्रीमती अलमित्रा एच. पटेल बनाम भारतीय संघ के मामले में ओ.ए. नं. 199 ऑफ 2014 में एनजीटी आदेश के अनुरूप प्रत्येक चूक के लिये रु. 10,000/- (रुपये दस हजार केवल) की दर से पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के रूप में अतिरिक्त दण्ड हेतु भी उल्लंघनकर्ता उत्तरदायी होगा।

नगर निकाय इस पहल को समर्थन देने के लिये और इस सम्बन्ध में किसी उल्लंघन की सूचना नगर निकाय / नागरिक सुविधा केन्द्र के फोन नम्बर 8708754457 अथवा ई-मेल idmcbgarh2016@gmail.com पर भी देने का इसके निवासियों से आग्रह करती है।

इस सम्बन्ध में कोई स्पष्टीकरण मोबाइल नम्बर 8708754457 अथवा ई-मेल idmcbgarh2016@gmail.com पर नोडल अधिकारी से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद, बहादुरगढ़
पीआरडीएच-1078/11/129/2021/82081 दि. 04.08.20

# सेंसेक्स 748 अंक उछला

एजेंसी ▸▸ मुंबई

शेयर बाजारों में मंगलवार को चार कारोबारी सत्रों की गिरावट का सिलसिला थम गया। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक संकेतों के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से सेंसेक्स ने 748 अंक की ऊंची छलांग लगाई। विदेशी कोषों के प्रवाह से भी बाजार धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 748.31 अंक या 2.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 37,687.91 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 203.65 अंक या 1.87 प्रतिशत के लाभ से 11,095.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सबसे अधिक 7.10 प्रतिशत चढ़ गया।

### रुपया गिरावट के साथ 75.04 प्रति डॉलर पर

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के बावजूद अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 75.04 रुपए प्रति डॉलर (अस्थाई) पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में रुपया 75.13 रुपए प्रति डॉलर पर कमजोर खुला। बाद में रुपए की आरंभिक हानि कुछ कम हुई और अंत में यह तीन पैसे की गिरावट के साथ 75.04 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### सोने में 97 रुपये की तेजी

नई दिल्ली। रुपये की विनिमय दर में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 97 रुपये की तेजी के साथ 54,830 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। सोमवार को सोने का बंद भाव 54,733 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। चांदी की कीमत महज पांच रुपये की गिरावट के साथ 66,855 रुपये प्रति किलोग्राम पर लगभग अपरिवर्तित रही। सोमवार को यह 66,860 रुपये पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''रुपये की विनिमय दर में गिरावट के साथ दिल्ली में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत में 97 रुपये की तेजी आई।''

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य / सूचना / निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प, रेवाड़ी | रेवाड़ी जिले में ट्रॉमा सेंटर से सिविल अस्पताल को जोड़ने के लिये फुटओवर ब्रिज का निर्माण। (सी.एम. घोषणा सं. 22170 दिनांक 14.06.2018) | 05.08.2020 26.08.2020 | 133.91 लाख | http://etenders.hry.nic.in | 01274-253703 / pwd-eepd-rewari@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प, रेवाड़ी | रेवाड़ी जिले में धारूहेड़ा में उप तहसील में पहुंचयोग्य भारत अभियान। | 04.08.2020 25.08.2020 | 14.76 लाख | http://etenders.hry.nic.in | 01274-253703 / pwd-eepd-rewari@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प, अम्बाला | सीएचसी बराड़ा, जिला अम्बाला में ऑक्सीजन पाइप लाइन का प्रावधान। | 06.08.2020 20.08.2020 | 7.71 करोड़ | http://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज, नारनौल | गांव टेहला में पंचायत घर की मरम्मत। | 04.08.2020 17.08.2020 | 3.54 लाख | www.etenders.hry.nic.in | 8708577177 01282-260296/ prexeeng.nrl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज, फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले के 99 गांव में वाटर ट्रफ का निर्माण और टोहाना में राजकीय चिकित्सालय को पूर्ण करना / पुनरोद्धार तथा 6 अदद गांव ज्ञान केन्द्र का निर्माण। | 04.08.2020 14.08.2020 | 1.73 करोड़ | http://etenders.hry.nic.in | 01667-230855 |
| 6 | पंचायती राज, बाबैन | कम्यूनिटी सैनीटरी कॉम्पलैक्स का निर्माण। | 11.08.2020 18.08.2020 | 14.50 लाख | http://etenders.hry.nic.in | 70159-15218 bdpo.babain@hry.nic.in |
| 7 | जिला निर्वाचन कार्यालय सोनीपत | उपचुनाव 33-बरौदा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के दौरान वीडियोग्राफी के लिये वीडियो और डिजिटल कैमरों की व्यवस्था हेतु 1 हायर चार्जेज और सोनीपत जिले में 2 अदद अन्य कार्य। | 05.08.2020 19.08.2020 | 22.02 लाख | http://etenders.hry.nic.in | Executive Engineer |
| 8 | खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी पिपली | कम्यूनिटी सैनीटरी कॉम्पलैक्स का निर्माण। | 11.08.2020 18.08.2020 | 14.15 लाख | http://etenders.hry.nic.in | 89300-02020 bdpo.pipli@yahoo.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभि. झज्जर | अमादलपुर के कार्य हेतु पुनः आमंत्रित निविदा सूचना - जेजेएम के तहत फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शंस (एफएचटीसी) का प्रावधान और पाइप लाइन बिछाना। ''जेजेएम के तहत गांव अमादलपुर में डीआई/सीआई स्पेशल्स समेत 4'' डीआई जलापूर्ति पाइप लाइन बिछाना और फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनैक्शन'' - 5 अन्य कार्य। | 01.08.2020 07.08.2020 | 136.87 लाख | http://etenders.hry.nic.in | 01251-254086 eeph2jhajjar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2021/188956800000/82080 दि. 04.08.20